रेलटेल
RAILTEL

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक: 26.11. 2021

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल में मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

72वें संविधान दिवस के अवसर पर श्री पुनीत चावला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल, श्री संजय कुमार, निदेशक/एनपीएम, श्री ए.के. सिंह, निदेशक/वित्त, श्री मुकेश कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी/रेलटेल, रेलटेल के कार्यपालकों/ महाप्रबंधकों और अन्य अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और रेलटेल के सभी कर्मचारी इसके मूल्य को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। आज अपराह्न में रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के कॉर्पोरेट कार्यालय में 'भारतीय लोकतंत्र' और 'भारतीय संविधान' पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं टेरिटरी कार्यालयों के कार्यपालकों ने प्रत्यक्ष, टेलीप्रेजेंस और वेबैक्स के माध्यम से जुड़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रेलटेल के बारे में

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों और शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 मार्गकिलोमीटर के एक मज़बूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न मोर्चों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के क्रियान्वियन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल भारतीय रेलों के साथ मिलकर देश भर के स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भी कार्य कर रही है।।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-

sucharita@railtelindia.com